बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक– BRRDA(HQ) MMGSY (BRICS)-74/17 626 /पटना, दिनांक– 30.6.21

प्रेषक,

संजय दूबे भा०प्र०से०,
विशेष सचिव,
ग्रामीण कार्य विभाग।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार (लेखा एवं हकदारी),
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषय : मुख्यशीर्ष 4515–अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय, उपमुख्य शीर्ष–00, लघु शीर्ष–103–ग्राम विकास, समूह शीर्ष–राज्य योजना के अन्तर्गत उपशीर्ष–0519–मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना [NDB(BRICS) सम्पोषित], जिसका विपत्र कोड संख्या–37– 4515–00– 103– 0519 है, मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना [NDB(BRICS) सम्पोषित] के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए निम्न योजनाओं के निर्माण कार्य हेतु अलग–अलग योजनाओं के लिए पथवार प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान किये जाने के संबंध में।

आंतरिक वित्तीय सलाहकार द्वारा अनौपचारिक रूप से परामर्शित

महाशय,

मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत [NDB(BRICS) सम्पोषित] वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए पथ निर्माण की 8 अदद योजनाओं के निर्माण एवं पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य हेतु निम्न तालिका के स्तम्भ–11 में अंकित राशि की पथवार प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया जाता है।

| Sl. No. | District | Division | Block | Habitation | Population | Road From | Road To | State Link No | Length as per DPR (KM) | Administrative Approval Amount in (Lacs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | Katihar | Katihar | Hasanganj | बैरगाछी | 300 | Balwa | Bairgachhi | | 1.750 | 176.744 |
| 2 | Katihar | Katihar | Katihar | मोंगरा | 640 | Katihar Hasanganj PWD Road Mongra | Rampur Goan Canal Hote Hue | S019 | 3.510 | 237.921 |
| | | Katihar Total | | | | 2 | | | 5.260 | 414.665 |
| 3 | Madhepura | Madhepura | Kumarkhand | मुस्लिमटोला | 540 | PWD Bisanpur Bazar | Bisanpur Muslim Tola | S018 | 2.250 | 235.780 |
| 4 | Madhepura | Madhepura | Madhepura | बुधमा | 402 | NH 107 Budhama | Railway | S052 | 2.215 | 212.360 |

29/6/2021

| Sl. No. | District | Division | Block | Habitation | Population | Road From | Road To | State Link No | Length as per DPR (KM) | Administrative Approval Amount in (Lacs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 5 | Madhepura | Madhepura | Madhepura | सुंदरपट्टी | 336 | NH 107 | Sundarpatti Ram Tola | S033 | 1.370 | 175.020 |
| 6 | Madhepura | Madhepura | Gamharia | रूपौली | 507 | Jiwachhpur Ashok Chowk | Harijan Tola hote hue Rupauli Saifan | S082 | 3.500 | 267.440 |
| | | **Madhepura Total** | | | | 4 | | | 9.335 | 890.600 |
| 7 | Madhepura | Udakisunganj | Bihariganj | ब्राह्मण टोला | 406 | Parariya Panchayat ke Motikant Chaudhary ke Ghar | Pokhar | S07 | 1.175 | 127.630 |
| | | **Udakisunganj Total** | | | | 1 | | | 1.175 | 127.630 |
| 8 | Muzaffarpur | Muzaffarpur West | Paroo | शाह मोहम्मदपुर डुमरी | 600 | Jaimal Dumri Ummanullah Sahab ke Ghar | Shah Mohmad Dumri Jita Kran Singh ke Ghar | S095 | 0.576 | 45.573 |
| | | **Muzaffarpur West Total** | | | | 1 | | | 0.576 | 45.573 |
| | | **Grand Total** | | | | 8 | | | 16.346 | 1478.468 |

2. विभागीय सचिव द्वारा निम्न शर्तों के साथ इन योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है :–

(क) ब्राडा के लिए निधार्रित प्रावधान/प्रक्रिया के आलोक में बजट प्रावधान के अंतर्गत राशि की निकासी की जायेगी।

(ख) कार्यपालक अभियंता (PIU) का दायित्व होगा कि कार्यों का विशिष्टताओं/विशिष्टि के अनुरूप कार्यान्वित कराकर एकरारनामा एवं सुसंगत वित्तीय प्रावधानों के पालन उपरान्त पूर्णतः संतुष्ट होकर ही राशि की निकासी एवं व्ययन करेगें।

(ग) वित्त विभाग के संकल्प संख्या–3758 दिनांक 31.05.2017 में निहित निदेशों को अक्षरशः पालन किया जायेगा तथा बिहार वित्त नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में योजना में उपबंधित राशि की उपलब्धता के आधार पर व्यय की जायगी।

(घ) यह राशि उसी मद मे खर्च की जायेगी, जिसके लिए पुर्नविनियोजित की गयी है, अन्य मद में नहीं।

29/6/2021

(ड़) इन योजनाओं के पंचवर्षीय रख–रखाव की राशि गैर योजना मद शीर्ष–3054 से भारित किया जायेगा।

(च) प्राक्कलन कि विशिष्टताओं के अनुसार निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

(छ) योजना के कार्यान्वयन के क्रम में इनका निर्धारित निरीक्षण सरकार से निर्गत आदेशों में प्रावधानित सक्षम नियंत्री पदाधिकारियों द्वारा नियमित अंतराल पर अनिवार्य रूप से किया जायेगा एवं कार्यों को ससमय तथा गुणवत्ता पूर्वक सम्पन्न कराना सुनिश्चित कराया जायेगा। योजना के कार्यान्वयन में अनियमितता की स्थिति में सभी दोषी पदाधिकारी उतरदायी माने जायेगें।

(ज) संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा योजनाओं का वित्तीय एवं भौतिक प्रतिवेदन प्रत्येक माह की पाँच तारीख तक ऑनलाईन प्रविष्टि कराते हुए अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता के माध्यम से विभाग को निश्चित रूप से उपलब्ध करायेंगे।

3. इन योजनाओं को वित्तीय वर्ष 2021–22 एवं 2022–23 में पूरा किये जाने का लक्ष्य है।
4. संबंधित कार्यपालक अभियंता योजनाओं के विस्तृत कार्य योजना तैयार करेंगे तथा उसके अनुरूप कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।
5. स्वीकृत योजनाओं की प्रविष्टि State Core Network के मानचित्र पर भी कराये जाने की जिम्मेवारी संबंधित कार्यपालक अभियंता की होगी।
6. संबंधित कार्यपालक अभियंता सुनिश्चित करेंगे कि स्वीकृत पथ किसी अन्य योजना के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं है।
7. **कार्य की निविदा/पुनर्निविदा ई–निविदा के माध्यम से मुख्यालय द्वारा करायी जायेगी।**
8. कार्यो का क्रियान्वयन मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना की मार्गदर्शिका एवं NDB से प्राप्त दिशा निर्देश के आलोक में किया जायेगा।
9. योजना के कार्यान्वयन के पूर्व डी0पी0आर0 पर सक्षम पदाधिकारी से प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त के पूर्व एवं डी0पी0आर0 के साथ Social and Enviornment से संबंधित प्रपत्र संलग्न कराने की जिम्मेवारी संबंधित अधीक्षण अभियंता की होगी।
10. योजना की तकनीकी स्वीकृति प्रदान किये जाने के क्रम में प्रावधानित प्रत्येक मद् की संभाव्ययता की जाँच सक्षम प्राधिकार द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

29/6/2021

11. यह आदेश संचिका संख्या BRRDA(HQ) MMGSY (BRICS)-74/17 के पृष्ठ–93/टि0 पर दिनांक 23.6.2021 को विभागीय सचिव के आदेशानुसार विभाग के आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जा रहा है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या– BRRDA(HQ) MMGSY (BRICS)-74/17 के पृष्ठ संख्या 94/टि0 पर दिनांक 22-6-2021 को प्राप्त है।

विश्वासभाजन

29/6/2021

सरकार के विशेष सचिव

ज्ञापांकः BRRDA(HQ) MMGSY (BRICS)-74/17 626 /पटना, दिनांक–30-6-21

प्रतिलिपिः– महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना/माननीय मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग के आप्त सचिव, प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग (आय–व्यय शाखा)/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग/संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त/संबंधित जिला पदाधिकारी/संबंधित उपविकास आयुक्त/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना/अवर सचिव, बजट शाखा, ग्रामीण कार्य विभाग/मुख्य अभियंता–1, 2, 3, पटना/मुख्य अभियंता–4/संबंधित अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल/संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित तथा IT Nodal, ग्रामीण कार्य विभाग को विभाग के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/6/2021

सरकार के विशेष सचिव